फर्द अहकाम

राजू देवी बनाम अमिता कंवर व अन्य

नाम न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) आमेर
मुख्यालय-जयपुर

केस संख्या 59/2024 (ती - आई)

क्रम संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	28/8/25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी एवं अधिवक्ता अनुपस्थित। प्रार्थी व प्रार्थी अधिवक्ता को न्यायालय कक्ष समाप्ति तक बार बार आवाज लगवाई गई। बार बार आवाज लगाने के उपरान्त भी प्रार्थी एवं अधिवक्ता अनुपस्थित रहा। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी की ओर से प्रकरण/प्रार्थना पत्र दायरी दिनांक 29.11.24 के अनुक्रम में न्यायालय आदेश दिनांक 29.01.25 की पालनार्थ तलबी शेष अपेक्षित अप्रार्थीगण सं. 05, 24, 25 व मृतक अप्रार्थीगण के संदर्भ में की अपेक्षित कार्यवाही आज दिनांक तक प्रभावी रूप से प्रस्तुत/पूर्ण नहीं की गई है तथा आज नियत तारीख पेशी पर एवं गत तारीख पेशी पर भी उपस्थित नहीं हुए हैं अतः अतिरिक्त आदेश से पूर्व प्रार्थी को उपस्थिति व अपेक्षित कार्यवाही प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर दिया जाता है। इसके उपरान्त भी आगामी तारीख पर अपेक्षित कार्यवाही प्रभावी रूप से प्रस्तुत नहीं होने पर नियमानुसार उचित कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। पत्रावली वास्ते उपस्थिति प्रार्थी एवं तलबी अप्रार्थीगण सं. 05, 24, 25 व कक्ष प्रार्थनापत्र धारा 151 दिनांक 01/09/25 को पेश हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) आमेर मुख्यालय-जयपुर	
	01/09/25	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी तथा प्रार्थी स्वयं भी अनुपस्थित। प्रार्थी व प्रार्थी अधिवक्ता को न्यायालय कक्ष समाप्ति तक बार बार आवाज लगवाई गई। बार बार आवाज लगवाने के उपरांत	

--P.

फर्द अहकाम

राजू देवी बनाम अमिता कंवर व अन्य

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) आमेर
मुख्यालय-जयपुर

59/2024 (ती - आई)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
01/09/25	भी प्रार्थी एवं अधिवक्ता अनुपस्थित रहा। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली प्रकरण दायरी दिनांक 29/11/24 के अनुक्रम में आज दिनांक तक भी तलबी शेष अप्रार्थीगण हेतु नियत है। उक्त संदर्भ में प्रार्थी को आदेश दिनांक 29.01.25 द्वारा तथा उक्त क्रम में निरन्तर आदेशित किया जाता रहा है। परन्तु न्यायालय आदेशों की प्रभावी पालना आज दिनांक तक प्रस्तुत नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त प्रकरण में मृतक अप्रार्थीगण के संदर्भ में भी अपेक्षित कार्यवाही आज दिनांक तक प्रभावी रूप से पूर्ण/प्रस्तुत नहीं की गई है जो कार्यवाही भी कई माह से लम्बित है। उक्त संदर्भों में अपेक्षित कार्यवाही नियत अवसरों उपरान्त भी प्रस्तुत नहीं की जाती रही है। तथा गत नियत तारीख पेशियों से प्रार्थी एवं अधिवक्ता अनुपस्थित रहते हुए आज भी अनुपस्थित है। जिससे यह प्रतीत होता है कि प्रार्थी अब स्वयं के ही प्रस्तुत प्रकरण के प्रति ईच्छुक नहीं है। इसी आधार से अपेक्षित कार्यवाही प्रस्तुत नहीं की जाती रही है। अतः प्रार्थी का प्रार्थनापत्र ती आई अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर से कम हो। बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) आमेर मुख्यालय-जयपुर	

Signature Not Verified
Digitally signed by Dr. Laxmi Narayan Bunker
Date: 2025.10.16 13:40:48 IST
Reason: SelfAttested